# रजत जयंती समारोह

## बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए दो दिवसीय ट्राई सिटी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**23 & 24 अगस्त 2023**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31 के द्वारा अपने रजत जयंती समारोह के शुभ अवसर पर बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए 23 एवं 24 अगस्त 2023 को दो दिवसीय ट्राई सिटी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सराय बिल्डिंग, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 में किया गया था।

**प्रथम दिन : 23 अगस्त 2023**

### ट्राई सिटी डांस प्रतियोगिता में विशेष बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) ने अपने रजत जयंती समारोह के अवसर पर बुधवार को ट्राईसिटी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में ट्राईसिटी के कुल 11 संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों के 31 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने इंडिविजुअल सोलो डांस का मनमोहक प्रदर्शन किया।

पंजाबी फिल्म उद्योग की कोरियोग्राफर सुश्री निकिता इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने ग्रिड के रजत जयंती समारोह के लिए बधाई दी। वह प्रतिभागियों को संगीत की सभी ताल, रिदम, स्टेप्स और लिरिक्स का स्मरण कर प्रदर्शन करते हुए देखकर अचंभित थी। उन्होंने विशेष बच्चों को नृत्य कौशल सीखने के लिए एक कार्यशाला आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया । सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि आदि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किए। आशिमा, रितिका, अल्पना, शगुन, सुमेघा, रुचि, शीतल एवं पिंकी इस कार्यक्रम की समन्वयक थीं।

**प्रतियोगिता का परिणाम -**

6 से 9 आयु वर्ग में अर्णव (एफ स्कूल, सेक्टर 31) ने प्रथम, वेदांत (एफ स्कूल, सेक्टर 31) ने द्वितीय एवं युवराज (ग्रिड, सेक्टर 31) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 आयु वर्ग में मैमुना तुबा (आशा स्कूल, चंडी मंदिर) प्रथम, जैस्मीन (भवन विद्यालय) द्वितीय एवं आया शर्मा (विवेक हाई स्कूल) तृतीय स्थान पर रहे। 12 से 18 आयु वर्ग में यशीवर्दन बीर सिंह (डिस्कवर एबिलिटी) ने प्रथम, तान्या (जीएसएसएस खुडालाहौरा) ने द्वितीय एवं यशिका (ग्रिड) ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में साहब जीत (ग्रिड) ने प्रथम, रिचा सिंह (साधना स्कूल, मनी माजरा) ने द्वितीय एवं त्रिपत जीत कौर (सोरम, सेक्टर 36) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# Children with disabilities take part in dance competition

**CHANDIGARH :** Students from 11 special schools and institutes enthralled the audience with their performance during the tricity dance competition organised by Government Rehabilitation Institute for intellectual disabilities (GRIID), Sector 31, at sarai building, Government Medical College and Medical Hospital, Sector 32. A total of 31 kids with intellectual disabilities participated in the event. HTC

# ट्राईसिटी डांस प्रतियोगिता में विशेष बच्चों ने प्रतिभा दिखाकर लूटी वाहवाही

**प्रतियोगिता में 31 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने इंडिविजुअल सोलो डांस किया**

**जीशान अंसारी. चंडीगढ़**



राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) ने रजत जयंती समारोह के अवसर पर बुधवार को ट्राईसिटी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता में ट्राईसिटी के 11 संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों के 31 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने इंडिविजुअल सोलो डांस का मनमोहक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सराय बिल्डिंग, जीएमसीएच, सेक्टर 32 में किया गया था।

पंजाबी फिल्म उद्योग की कोरियोग्राफर निकिता इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने ग्रिड के रजत जयंती समारोह के लिए बधाई दी। वह प्रतिभागियों को संगीत की सभी ताल, रिदम, स्टेप्स और लिरिक्स का स्मरण कर प्रदर्शन करते हुए देखकर अचंभित थी। उन्होंने विशेष बच्चों को नृत्य कौशल सीखने के लिए एक कार्यशाला आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि आदि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किए। आशिमा, रितिका, अल्पना, शगुन, सुमेघा, रुचि, शीतल एवं पिंकी इस कार्यक्रम की समन्वयक थीं।

6 से 9 आयु वर्ग में अर्णव (एफ स्कूल, सेक्टर 31) ने प्रथम, वेदांत (एफ स्कूल, सेक्टर 31) ने द्वितीय एवं युवराज (ग्रिड, सेक्टर 31) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 आयु वर्ग में मैमुना तुबा (आशा स्कूल, चंडी मंदिर) प्रथम, जैस्मीन (भवन विद्यालय) द्वितीय एवं आया शर्मा (विवेक हाई स्कूल) तृतीय स्थान पर रहे। 12 से 18 आयु वर्ग में यशीवर्दन बीर सिंह (डिस्कवर एबिलिटी) ने प्रथम, तान्या (जीएसएसएस खुड्डा लाहौरा) ने द्वितीय एवं यशिका (ग्रिड) ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में साहब जीत (ग्रिड) ने प्रथम, रिचा सिंह (साधना स्कूल, मनी माजरा) ने द्वितीय एवं त्रिपत जीत कौर (सोरम, सेक्टर 36) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

मीडिया कवरेज




दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम के गणमान्य लोग





एकल प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी

संस्थान के छात्र एवं कर्मी प्रतियोगिता देखते हुए




प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देती हुई मुख्य अतिथि सुश्री निकिता।



विजेता को पुरस्कृत करते हुए संस्थान की निदेशक डॉ प्रीति अरुण।




नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ ग्रुप फोटो।

## प्रतियोगिता का दूसरा दिन : 24 अगस्त 2023

# दिव्यांग बच्चों के समूह नृत्य देख भाव विभोर हुए श्रोता

सराय बिल्डिंग, जीएमसीएच, सेक्टर 32 में आयोजित ट्राई सिटी नृत्य प्रतियोगिता के अंतिम दिन सामूहिक नृत्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें ट्राई सिटी के सात संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों के कुल 49 बच्चों ने भाग लिया। छात्रों ने अपनी मनपसंद नए पुराने गानों के धुनों पर बेहतरीन समूह नृत्य प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में भवन विद्यालय के छात्रों के समूह अनिरुद्ध, आदित्य, दिव्यजीत, हेमंत, कुंवरजीत, सचिन, हार्दिक, प्रार्थना, हार्दिक अग्रवाल और अनीशा ने स्वर्ण पदक; सोरम, सेक्टर 36 के छात्रों के समूह यामिनी, त्रिपात, मन्नत, हरलीन, हर्षिता, मिवान, विक्रम, मनप्रीत, पलप्रीत और मिलन ने रजत पदक जीते। वहीं, ग्रिड के छात्रों के समूह पूजा, वंदना, अनीता, दीक्षा, यशिका, साहब जीत, अनूप, अभय शिवा और नितिन ने कांस्य पदक जीते।

विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर, मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ सुधीर कुमार गर्ग, संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ रवि केएम, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर जसपाल शर्मा इत्यादि ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।




दीप प्रज्वलित करते हुए जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान की निदेशक मुख्य अतिथि डॉ जसविंदर कौर।



समूह नृत्य की प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी




विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि।




विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि।



नृत्य का आनंद लेते हुए संस्थान के छात्र एवं कर्मी ।